## युवक कांग्रेस के मतदान व सदस्यता की तिथियां घोषित : बोगा जगदीश

### 20 जून से 19 जुलाई तक एक साथ होगी सदस्यता और मतदान की प्रक्रिया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** युवक कांग्रेस के चुनाव सम्बंधित प्रक्रिया और तारीखों की विधिवत घोषणा की गई। स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में सम्पन्न हुई पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए चुनाव प्रभारी एवं जिला युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों के द्वारा युवक कांग्रेस के चुनाव से जुड़ी सम्पूर्ण विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए चुनाव प्रभारी बोगा जगदीश ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण द्वारा मप्र युवा कांग्रेस चुनाव 20 जून 2025 से प्रारंभ होकर आगामी माह 19 जुलाई 2025 को सायंकाल 05:00 बजे तक चलेगा।

सदस्यता शुल्क 50 रुपए भुगतान की अंतिम तिथि 21 जुलाई को सायंकाल 05:00 बजे तक निर्धारित की गई है। पूरे 1 माह के चुनाव के दौरान सदस्यता अभियान में सदस्यता और मतदान विथ आई.वाय.सी. एप पर ऑनलाइन किया जाएगा।



युवक कांग्रेस की ब्लॉक कमेटी, विधानसभा कमेटी, जिला महासचिव, जिला अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए मतदान किया जाएगा। सदस्यता व मतदान में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के सभी पात्र युवक-युवतियां इस प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

चुनाव प्रभारी जगदीश ने जानकारी देते हुए कहा कि मतदान के दौरान दस्तावेज पहचान पत्र के रूप में वोटर आई.डी. कार्ड एवं ई-मतदान पहचान पत्र के साथ स्वयं का आधार कार्ड दिखाने की वैद्यता रखी गई है। सदस्यता और मतदान का पूर्ण कार्य विथ आई.वाय.सी. एप के द्वारा ऑनलाइन संचालित हो रहा है।

सदस्यता और मतदान के उपरांत जांच की जाएगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे। परंतु जब उनसे पूछा गया कि कितने नाम आएें है जिलाध्यक्ष के लिए तब उन्होंने बताया कि छिन्दवाड़ा में एक और पांढुर्णा में एक ही नाम आऐं है।

हालाकि यह कोई नई बात नहीं है कि छिन्दवाड़ा में वही होगा जो पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व सांसद नकुलनाथ चाहेंगे। शायद यही कारण है कि चुनाव तो हो रहे है लेकिन छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा में नाम लगभग तय ही माना जा रहा है।

## वार्ड 22 के गरीबों को भी मिले नल कनेक्शन : कांग्रेस



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर के सिवनी रोड स्थित वार्ड क्रमांक 22 शक्कर मिल के पीछे निवासरत सैकड़ों परिवार वर्षों से मूलभूत सुविधाओं की कमी का सामना कर रहे हैं। बारिश के समय सड़क, कीचड़ में तब्दील हो जाती है इसके चलते आवागमन बेहद परेशानी भरा होता है। नगर निगम की जलप्रदाय योजना से भी वंचित है।

कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के द्वारा शक्कर मिल के पीछे निवासरत परिवारों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा के आयुक्त से की गई।

कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के नेतृत्व में असुविधाओं का सामना करने वाले परिवार के लोगों ने निगम कार्यालय पहुंचकर अविलम्ब नल कनेक्शन प्रदान करने के साथ ही पक्की सड़क निर्माण की मांग रखी।

बारिश के मद्देनजर तत्काल गिट्टी डालकर आवागमन हेतु व्यवस्था बनाने की मांग निगम आयुक्त से की गई। ज्ञापन प्रस्तुत करते समय झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फिरोज खान, शालू सहारे, नीलम रजक, सरला, मोना धुर्वे, बेलाबाई, मुन्नी, शकुन अहरवार व बबीता उइके सहित कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### जिले में अब तक 74.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की औसत वर्षा 1059 मिमी. है तथा जिले में अभी तक 74.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 107.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 23 जून 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 3.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 23 जून 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 5.2, मोहखेड़ में 01, अमरवाड़ा में 5, चौरई में 5, हर्रई में 5.6, परासिया में 6.1, जुन्नारदेव में 5.4 और उमरेठ में 5.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 83.8, मोहखेड़ में 68.1, तामिया में 75, अमरवाड़ा में 72.6, चौरई में 60.6, हर्रई में 106.6, बिछुआ में 49, परासिया में 65.2, जुन्नारदेव में 59.8, चांद में 77.2 और उमरेठ में 105.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### तीन प्राचार्यो के खिलाफ प्रेषित की गई ईओडब्ल्यू भोपाल में शिकायत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा के तीन शासकीय स्कूलों के प्राचार्यो की शिकायतें आय से अधिक संपत्ति तथा वित्तिय अनियमितता को लेकर आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरों भोपाल कार्यालय को शपथ पत्र सहित भेजी गई है। इन तीनों प्राचार्यो के खिलाफ शीघ्र ही जांच होने की संभावना बतायी जा रही है। शिकायतकर्ता मनोज कुमार ने दस्तावेज प्राप्त करेन के बाद शिकायत भोपाल के अधिकारियों को सौपा है की जानकारी मिली है।

### जिले की सभी जनपद पंचायतों में आज से दस जुलाई तक लगेंगे पंजीयन शिविर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला रोजगार कार्यालय और एस.आर.एल.एम. द्वारा छिन्दवाड़ा जिले की सभी जनपद पंचायतों में एस.एस.सी.आई. अनूपपुर में सुरक्षा जवान/सुरक्षा सुपरवाईजर पद के लिये 24 जून से 10 जुलाई 2025 तक प्रात: 10:30 से दोपहर 2:30 बजे तक पंजीयन शिविरों का आयोजन किया गया है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों व मुख्य नगर पालिका अधिकारी दमुआ को निर्देश दिये गये हैं कि अपने जनपद पंचायत क्षेत्र व नगर पालिका परिषद दमुआ में पंजीयन शिविरों की तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना सुनिश्चित करें जिससे बेरोजगार आवेदक पंजीयन शिविर में शामिल हो सकें। संबंधित जनपद पंचायतों के बेरोजगार आवेदक हितग्राही इन पंजीयन शिविरों में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

कलेक्टर ने बताया कि जनपद पंचायत मोहखेड़ में 24 जून, जनपद पंचायत बिछुआ में 25 जून, जनपद पंचायत परासिया में 26 जून, जनपद पंचायत जुन्नारदेव में 27 जून, जनपद पंचायत अमरवाड़ा में 28 जून, जनपद पंचायत तामिया में 4 जुलाई एवं शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तामिया में 5 जुलाई तथा नगर पालिका परिषद दमुआ में 7 जुलाई, जनपद पंचायत हर्रई में 8 जुलाई, जनपद पंचायत चौरई में 9 जुलाई और जनपद पंचायत छिन्दवाड़ा में 10 जुलाई को पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया है।

### एकमुश्त राशन वितरण के लिये नौ अतिरिक्त वाहन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार माह जून- 2025, जुलाई- 2025 एवं अगस्त- 2025 तीन माह की पीडीएस के तहत पात्रतानुसार राशन सामग्री का एकमुश्त वितरण कराये जाने के निर्देश हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी छिंदवाड़ा ने बताया कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत आबंटित राशन सामग्री को प्रदाय केन्द्र से उचित मूल्य दुकानों तक परिवहन के लिये लागू की गई मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अंतर्गत छिन्दवाड़ा जिले के लिये लगाये गये कुल 23 वाहनों से परिवहन कार्य कराया जा रहा था, किन्तु तीन माह की राशन सामग्री एकमुश्त वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अंतर्गत इन 23 वाहनों के अलावा संबंधित परिवहनकर्ताओं की सहमति के आधार पर 09 वाहन अतिरिक्त लगाये जाने की अनुमति ली गई है।

## एनसीसी के कैडेट्स ने शहीद स्मारक के आसपास की सफाई



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** डी.डी.सी. महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने 24 एम.पी. बटालियन के कमान अधिकारी के आदेश अनुसार शहीद स्मारक पर लेफ्टिनेंट माइक प्रकाश के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की बॉयज एवं गर्ल्स विंग द्वारा संयुक्त रूप से शहीद स्मारक के आसपास की सफाई करते हुए स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। क्रेडिट द्वारा शहीद स्मारक को एनसीसी के लोगों की थीम के अनुसार साज सज्जा करते हुए उसे सजाते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को सफल बनाने में एन सी सी के बॉयज एंड गर्ल्स विंग का विशेष सहयोग रहा।

## महिला बाल विकास विभाग में भर्राशाही

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महिला बाल विकास विभाग में तत्कालीन विभाग के अधिकारियों के कार्यकाल में भर्राशाही रही है इनके कार्यकाल में मंगल दिवस की राशि के साथ साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों का किराया भी समय पर नहीं दिया गया। तत्कालीन अधिकारियों के कार्यकाल में पूरे आंगनबाड़ी केन्द्रों के सहायिकाओं, कार्यकर्ताओं को परेशान किया गया और उनसे दक्षिणा की मांग की गई और नहीं देने पर धमकाया, चमकाया गया था की भी शिकायत उच्च स्तरीय अधिकारियों को की गई है।

## उत्कृष्ट विद्यालय के सफल विद्यार्थियों का सम्मान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा ने एक बार फिर नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षा में अपना परचम लहराया है। नीट 2025 के परिणामों में विद्यालय के 26 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता प्राप्त की है। जिले और विद्यालय का नाम रोशन करने वाले इन विद्यार्थियों ने देश की प्रमुख शासकीय मेडिकल संस्थाओं जैसे एम्स, बी.एच.यू., एस.जी.पी.जी. आई., ए.एफ.एम.सी. आदि में प्रवेश की पात्रता प्राप्त की है।

उत्कृष्ट विद्यालय मे सफल छात्रों के सम्मान मे आयोजित एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम मे कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों की सफलता यह दर्शाती है कि कार्यक्रम योजना बनाकर दृढ़ संकल्प, परिश्रम और उचित मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। कलेक्टर श्री सिंह ने इस उल्लेखनीय सफलता के लिए जिला शिक्षधिकारी जी. एस. बघेल और प्राचार्य अवधूत काले के विशेष प्रयासों की मुक्त कंठ से तारीफ की।

इस अवसर पर जिला शिक्षधिकारी जी.एस. बघेल ने उत्कृष्ट विद्यालय की इस सफलता की सराहना करते हुए इसे पूरे जिले के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता सतत अभ्यास, मजबूत स्टडी रूटीन, टेस्ट सीरीज़ और शिक्षक-छात्रों के बीच बेहतर संवाद का परिणाम है। जिला स्तर पर सरकारी स्कूल्स और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों की सफलता उत्सावर्धक है जो शिक्षकों और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी।



इस अवसर पर संस्था प्राचार्य अवधूत काले ने शाला के परीक्षा परिणाम के लिए किये गए नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल के मार्गदर्शन मे 2024-२५ में 10 वी बोर्ड परीक्षा परिणाम 99.31 प्रतिशत और 12 वी का परीक्षा परिणाम 96.89 प्रतिशत रहा। जेईई प्रतियोगी परीक्षा में 23 विद्यार्थियों के चयन के साथ नीट में 26 विद्यार्थियों की सफलता उच्च अधिकारियों के सतत प्रोत्साहन का परिणाम है।

विद्यालय में समय-समय पर विद्यार्थियों के लिए मॉक टेस्ट, स्टडी प्लान और विशिष्ट मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए गए। संस्था प्राचार्य श्री काले ने बताया कि किस तरह कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सत्र कि शुरुआत से ही कॉम्पीटिटिव एक्साम्स के लिए न केवल कार्य योजना बनाई और शिक्ष विभाग के अधिकारियों और प्रचार्यों का मार्गदर्शन किया साथ ही कलेक्टर ने उच्च गुणवत्ता के स्टडी मटेरियल, नोट्स और प्रशिक्षण नि:शुल्क उपलब्ध कराये।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया और सभी शिक्षकों एवं स्टाफको बधाई दी। उन्होंने शाला प्रचार्य अवधुत काले को कुशल शाला प्रबंधन और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों में इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## आपातकाल की 50वीं बरसी मनाएंगे लोकतंत्र सेनानी : रमेश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** लोकतंत्र सैनानी के जिलाध्यक्ष रमेश पोफली ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में मनाने का आव्हान करते हुए पत्रकारों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 1971 में लोकसभा के चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी रायबरेली चुनावी क्षेत्र से चुनाव में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, उनके विरोध में समाजबादी नेता राजनारायणसिंह ने भी चुनाव हेतु नामांकन प्रस्तुत किया।

उक्त चुनाव में इंदिरा गांधी विजयी घोषित हुई। चुनाव के पश्चात राजनारायणसिंह ने गांधी के विरुद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय में उनके निर्वाचन को लेकर अपील प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने गवाहों एवं दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर न्यायालय में अपील प्रस्तुत की थी। न्यायालय ने दस्तावेज एवं गवाहों के सही ठहराते हुये इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायधीश जगमोहन सिन्हा ने गांधी का चुनाव अवैध घोषित करते हुये उन्हें 6 वर्ष के लिये अपात्र घोषित कर दिया साथ ही सदन में किसी भी मुद्दे पर वोट न करने का अधिकार भी समाप्त कर दिया, परंतु गांधी को उच्चतम न्यायालय में स्थगन प्राप्त करने का अधिकार दिया गया।

गांधी के चुनाव अवैध होने के कारण उन पर इस्तीफा देने का दबाव देश की तमाम विपक्ष की राजनैतिक पार्टियों के साथ साथ कांग्रेस के अंदर भी दबी जबान में इस्तीफा देने का दबाव बनाया जाने लगा। गुजरात से शुरू हुये छात्र आंदोलन को बिहार ने हवा दी तथा महान क्रांतिकारी गांधीवादी विचारधारा के सर्वमान्य नेता जयप्रकाश नारायण जे.पी. के नेतृत्व में संपूर्ण देश में संपूर्ण क्रांति के साथ-साथ सिंहासन खाली करो, जनता आती है का नारा बुलन्द हो गया था। तमाम राजनैतिक पार्टियों के नेतागण जे.पी. के इस आंदोलन में सम्मिलित हुये तथा श्रीमती गांधी के चुनाव अवैध को लेकर संपूर्ण देश में अलख जगाया जाने लगा 25 जून 1975 को दशहरा मैदान जे.पी. के नेतृत्व में तमाम राजनैतिक पार्टी एकत्रित हो तथा सत्ता परिवर्तन हेतु संकल्प लिया गया।



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सोमवार को पत्रकार वार्ता में जानकारी देते लोकतंत्र सेनानी संघ के पदाधिकारी।

देश में जन आंदोलन तेजी से बढ़ने लगा जिस पर संजय, गांधी विद्याचरण शुक्ल, सिद्धार्थ शंकर रे जैसे कांग्रेस के बड़े बड़े नेताओं ने इस्तीफा न देने के लिये राजी किया तथा 25 जून 1975 की दरम्यानी रात्रि में श्रीमती गांधी जो देश की प्रधानमंत्री थी उन्होंने संविधान की धारा 352 का उपयोग करते हुये आंतरिक आपातकाल की घोषणा रेडियों के माध्यम की तथा देश के नागरिकों से अपील की यह आपातकाल अल्प समय के लिये घोषित की गई है।

बताया जाता है कि अर्द्ध रात्रि में देश के राष्ट्रपति को जगाकर बगैर मंत्री मण्डल की स्वीकृति के आपातकाल की घोषणा श्रीमती गांधी ने देश के तात्कालिक राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से हस्ताक्षर कराये तथा बाद में मंत्रीमण्डल से आपातकाल का प्रस्ताव पारित करवाया।

आपातकाल की घोषणा होते ही देश के विपक्ष की समस्त राजनैतिक पार्टियों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को यहाँ तक कि जयप्रकाश नारायण जे.पी., मुरारजी देसाई, चौधरी चरणसिंह, अटलबिहारी बाजपेयी, लालकृष्ण आडवानी, मधु लिमिये के साथ साथ लाखों की संख्या में सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ताओं को जेलों में बंद कर दिया जो 19 माह तक जेल में बंद रहे।

प्रेस की आजादी पर अंकुश लगा दिया गया। जो विपक्षीय मानसिकता के अखबार थे। उनके आफिस विद्युत लाईन काट दी गई। अखबार के प्रकाशन बंद कर दिये गये। प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई। बगैर शासन अनुमति के अखबारों में समाचारों के प्रकाशन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। संविधान की धारा 19 को शून्य घोषित कर नागरिकों को बुनियादी आजादी समाप्त कर दी गई थी। जेल में बंद मीसाधारा के तहत सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ताओं को संविधान की धारा 21 को शून्य घोषित कर उनको न्याय प्राप्त करने का अधिकार समाप्त कर दिया था। मीसा एवं डीआईआर के अंतर्गत जेल में बंद व्यक्तियों को ना अपील, ना दलील का अवसर समाप्त कर दिया था। उक्त धारा के अंतर्गत जेल में बंद व्यक्तियों को इस बात का ज्ञान नहीं था कि किस अवधि में जेल से बाहर निकलेगें उन पर अनिश्चितता की तलवार लटकी हुई थी।

जेल में बंद राजनैतिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं को अनेकों प्रकार से प्रताड़ित किया गया। बहुत से कार्यकर्ता की जेल में मृत्यु हुई तथा 19 महीने तक जेल में रहे। था अनेको कार्यकर्ता गंभीर बीमारियों से ग्रसित हुये। अनेको कार्यकर्ताओं के व्यापार एवं भरण पोषण के संसाधन समाप्त हो गये थे। कार्यकर्ताओं के परिवारों पर अनावश्यक दबाव बनाकर उन्हें भी जेल में बंद होने की कांग्रेस के छुटभैया नेता धमकियां देते थे।

25 जून 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। तब से लेकर 25 जून 2025 में आपातकाल की 50वीं बरसी लोकतंत्र सैनानी जो आपातकाल के समय जेल में निरूद्ध थे। उनके द्वारा संपूर्ण देश में मनाई जा रही है। लोकतंत्र सैनानियों ने पत्रकारवार्ता में कहा कि हम चाहते है कि मीसाबंदी शब्द हटाकर केवल लोकतंत्र सैनानी रखा जाऐं और उनके परिजनों को लोकतंत्र प्रहरी के रूप में चिन्हित किया गया है और बांकी लोकतंत्र सैनानियों को ताम्रपत्र दिया जावे। पत्रकारवार्ता में रमेश पोफली, दीनदयाल मोहने, अजय औरंगाबादकर, चिवल यादव एवं अशोक पोफली, मधुकरराव पोफली एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# डूब क्षेत्र के किसानों की बैठक ली संघर्ष समिति की आराधना भार्गव ने



## किसानों का पक्ष दिल्ली संसदीय समिति में रखेगा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पेंच व्यपवर्तन परियोजना से प्रभावित किसानों/परिवारों तथा अडानी थर्मल पॉवर प्लांट चौसरा के किसानों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एड. आराधना भार्गव ने की। बैठक में माचागोरा, भूला मोहगांव, ककई, बिलवा, भूतेरा, केवलारी संभा, डांगावनी पिपरिया के लगभग 300 किसानों ने भाग लिया।

बैठक में नवीन भू-अर्जन अधिनियम 2013 के अनुसार अधिग्रहित भूमि के एवज में उचित मुआवजा ही नहीं नियमानुसार अन्य पुनर्वास जैसे भूमी के बदले भूमि, बेरोजगारी भत्ता, मछली पर अधिकार, महिला सशक्तिकरण के प्रयास, एक मुश्त स्वरोजगार स्थापना भत्ता आदि मांगों पर चर्चा हुई।

बैठक में आदर्श पुनर्वास स्थल/पुनर्वास ग्रामों में आवश्यक नागरिक सुविधाओं के अभाव पर भी चर्चा की गई तथा विस्थापित परिवारों ने अवगत कराया कि पुनर्वास के 10 वर्ष बाद भी सड़क, बिजली, स्वच्छ पेयजल, स्कूलए राशन दुकान, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र का अभाव तथा मुख्य समस्या पुनर्वास स्थल से शहर आने जाने के लिए परिवहन की कोई व्यवस्था नहीं है जिसको लेकर अनेक बार जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया परन्तु आज दिनांक तक भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है।

बैठक में एड. आराधना भार्गव ने यह भी अवगत कराया कि आगामी 01 जुलाई को दिल्ली में किसान संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल संसदीय समिति के समक्ष नवीन भ-अर्जन अधिनियम 2013 तथा आदर्श पुनर्वास नीति के क्रियान्वयन के संबंध में आक्षेप तथा नीति लागू कराने हेतु अपना पक्ष रखेंगी।

बैठक में जिला अध्यक्ष नारायण चंद्रवंशी, बलराम पटेल, भूरा पटेल, गंफू यादव, प्रदेश सचिव सज्जे चंद्रवंशी, प्रमिला वर्मा, अरविंद उईके, सतीश कुमार जैन आदि प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# होटल-ढाबों में शराबखोरी के खिलाफ कार्रवाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में शहर के आबकारी अमले द्वारा गत दिवस सायंकाल को होटल ढाबा संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में शहर और रिंगरोड के आसपास संचालित आदित्य ढाबा, उड़ता पंजाब ढाबा, खालसा ढाबा, शुक्ला ढाबा, मलंग ढाबा के संचालकों के विरुद्ध प्रकरण कायम कर कुल 26 कैन बीयर, 02 बोतल स्कॉच व्हिस्की, 22 पाव अंग्रेजी व्हिस्की, 34 पाव प्लेन एवं मसाला जब्त कर आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई। साथ ही अन्य ढाबा संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि ढाबा परिसर में अवैध मदिरा का विक्रय न करें, न ही मदिरापान कराया जाए, अन्यथा नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

इस कार्यवाही में ए.डी.ई.ओ. कैलाशचंद्र चौहान, सुश्री भारती गोंड, आबकारी उपनिरीक्षक हर्ष सोनी, सुश्री रुचि बागरी के साथ ही आबकारी अमला उपस्थित था। यह कार्यवाही इसी प्रकार सतत् रूप से चलती रहेगी।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों चोरी छिपे लोग अवैध शराब का व्यवसाय खुलेआम कर रहे है जिनके खिलाफ कलेक्टर ने कार्यवाही करने के सक्त निर्देश दिए है। फलस्वरूप आबकारी विभाग अब होटलों, ढाबों तथा निजी वाहनों से अवैध रूप से शराब का व्यापार करने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए अभियान छेड़ दिया है।

जिला आबकारी अधिकारी अजीत इक्का के निर्देश पर सभी ए.डी.ओ. सभी उप निरीक्षक और आबकारी दल



को निर्देशित किया गया है कि अवैध शराब का विक्रय करने वाले लोगों पर सक्ती से कार्यवाही की जाए चाहे वह कोई भी हो। इसी के तहत पिछले दिनों कलेक्टर के निर्देश मिलते ही आबकारी अधिकारी ने एक दल बनाकर कार्यवाही के निर्देश दिए जिसके परिणाम स्वरूप जप्ती हुई है।

## सार-समाचार

### वरिष्ठ नागरिक महामंच की बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिक महामंच कि बैठक कल 23 जून 2025 को राजराजेश्वरी मंदिर प्रांगण में टी.एन. मिश्रा की अध्यक्षता मे संपन्न हुई जिसमें वरिष्ठ नागरिक सुविधा केन्द्र की अन उपलब्धता के संदर्भ मे वैकल्पिक व्यवस्था शासन द्वारा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है जिसकी सभी सदस्यों मे हर्ष व्याप्त है। महामंच द्वारा वरिष्ठ नागरिक मिलन समारोह का आयोजन 27 जून 2025 को एक लॉन मे किया गया है इसकी रूपरेखा बनाई गई। उपस्थित पं. जयशंकर शुक्ला, टी.एम.आर. नायडू, अशोक मिश्रा, प्रभाकर ठाकरे, मीडिया प्रभारी सुरेश घोरसे, नेमीचंद व्योम, अनिल जायसवाल, घनश्याम डेहरिया, एन.आर. राऊत, नंदा ठाकरे, आशु गढ़ेवाल, रमेश उसरेठे, नामदेव सरोदे, के.के. घोघरे, दूर्गा विश्वकर्मा, श्रीमती लच्छु झारिया, मधुकर गोड़े, जे. पी. सूर्यवंशी, ओ.पी. सनोडिया, एन.एस. भारद्वाज, लीलाधर निखारे, हरिभाऊ मोहिकर, डी.के. नगरकर, कमला डेहरिया, बालराम साहू, डी.पी. डेहरिया, सीताराम प्रजापति, पी.आर. डेहरिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### वैश्य महासम्मेलन के सदस्य शोक संतप्त परिवार में संवेदना व्यक्त करने पहुंचे



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन छिंदवाड़ा के सदस्य और प्रमुख पदाधिकारीगण सर्वश्री राजेंद्र बाकलीवाल, खुशाल अग्रवाल और अंकुर शाह आऊ के यहां सांत्वना देने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि विगत 9 जून 2025 को वैश्य महासम्मेलन छिंदवाड़ा के सदस्य अंकुर शाह आऊ के भ्राता कमलेश शाह का तथा दिनांक 12 जून 2025 को राजेंद्र बाकलीवाल की मातृश्री श्रीमति कमलादेवी बाकलीवाल का और दिनांक 16 जून 2025 को वरिष्ठ सदस्य खुशाल अग्रवाल की सहधर्मिणी श्रीमति तरुणा अग्रवाल का दु:खद निधन हो गया था। सदस्य के परिवार में गमी होने पर वैश्य महासम्मेलन के सदस्यगण शोक संवेदनाएं व्यक्त करने सामूहिक रूप से जाते है। इसी परम्परा का निर्वहन करने सर्वश्री जे.पी. नेमा, नीरज भारद्वाज, अनिल सिंघई, नितिन जैन नाना, राजेश सोनी, अशोक पाटोदी, संदीप जैन, नीलेश जैन, मुकुंद अग्रवाल, अनिल जैन शिक्षक, विकास वात्सल्य, चैनकुमार जैन, सुनील जैन, अरुण शाह आऊ, अजय पिंटू चौरसिया, पंकज जैन, संजय साहू, चेतन जैन चानी, शैलेन्द्र जैन, एम.आर. विशाल माहेश्वरी, मनीष गुप्ता, श्रीराम सोनी, कुंज राठी, पंकज भारद्वाज, नटवर जाखोटिया, मनमोहन चांडक, सुरेंद्र जैन आदि सदस्य तीनों परिवारों में बैठने गए एवं शोक संवेदनाएं व्यक्त किए।

### एक चर्चित अधिकारी को महिला ने मारा थप्पड़, चर्चा गर्म

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** एक चर्चित अधिकारी अचानक ही अपने सहकर्मी के साथ बातचीत करते करते उसकी हंसी और ठिठोली को गलत समझ बैठे और कंधे में हाथ रखकर हंस पड़े। अधिकारी महोदय का इतना करना ही था कि महिला को गुस्सा आया और उसने एक थप्पड़ जड़ दिया जिससे अधिकारी हक्के बक्के रह गए और आसपास के लोग कार्यालय के बाहर चाय दुकान के पास चर्चा शुरू कर दी जिसकी शिकायत होने की भी खबर है लेकन पुष्टी नहीं होने से नाम नहीं लिखा गया।

# नेहरिया खदान के प्रबंधक का तबादला करने सांसद ने सीएमडी को लिखा पत्र

**परासिया, देशबन्धु।** वेकोलि के पेंच क्षेत्र में अक्सर ऐसा होता आया है कि किसी कोयला खदान के अधिकारी कि अगर कोई शिकायत है या किसी तरह की मनमानी या गड़बड़ियों की जा रही है तो श्रमिक संगठन अधिकारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन या फिर आंदोलन करते रहे हैं। जरूरी होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत कर तबादले करने की मांग करते है। लेकिन पहली बार ऐसा देखने में आया है कि राजनीति से जुड़े छोटे पदाधिकारी भी अब खदान अधिकारी की कार्य प्रणाली को लेकर तबादले के लिए पत्र लिख रहे हैं और पार्टी के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि बाकायदा पत्र को गंभीरता से लेकर अधिकारी के तबादले की सिफारिश भी कर दे रहें हैं।

इसी तरह का एक ताजा उदाहरण सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी के परासिया क्षेत्र के शिवपुरी ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष देवी पाल को नेहरिया भूमिगत कोयला खदान के प्रबंधक पी. के. साहू की कार्यप्रणाली काफी गड़बड़ लग रही है, जिसको लेकर उन्होंने जिले के सांसद विवेक बंटी साहू को प्रबंधक का खदान से तबादला करने के लिए पत्र लिखा है, जिसके आधार पर सांसद ने गत 17 जून को वेकोलि के सीएमडी को पत्र लिखकर जांच करवाकर प्रबंधक का तबादला करने के बारे में कहा है।

गौरतलब है कि पेंच क्षेत्र की नेहरिया कोयला खदान में सबसे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं और कोयले का उत्पादन भी सबसे अधिक होता है। जिसके कारण नेहरिया खदान को महत्वपूर्ण माना जाता है और यहां पर जो खान प्रबंधक है वह भी काफी मायने रखते हैं। जिनकी पदस्थापना वेकोलि मुख्यालय नागपुर से काफी सोच समझकर की जाती है।





# देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के पुरोधा थे डॉ. मुखजी : सांसद



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाते हुए सोमवार को भाजपा छिंदवाड़ा पातालेश्वर नगर मंडल के वार्ड क्रमांक 15 में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद बंटी विवेक साहू ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके की।

बलिदान दिवस के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि डॉ. मुखर्जी राष्ट्रीय एकता के सच्चे सूत्रधार थे। उन्होंने पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में विभाजनकारी तत्वों से कभी समझौता नहीं किया और सत्ता को तिलांजलि देकर नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना से देश को राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने वाला राजनीतिक विकल्प दिया और जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए। मातृभूमि के ऐसे सच्चे उपासक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन असंख्य भारतीयों को युगों-युगों तक मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।

लाल पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात सांसद बंटी विवेक साहू एवं उपस्थित जनों द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता पीतांबर डोडानी, तरुण किंद्रा, कुंदन मिगलानी, विशाल शर्मा, नरेश साहू, पिंकी गुगनानी, सभापति बलराम साहू, सनी मालवीय, अरविंद राय, संजीव साहू, जसमीत रिंकू बेदी, पूर्व प्राचार्य डॉ. आनदेव, नीरज पटेल, संतलाल बत्रा, सीताराम उइके, बी.टी. जावा, सुनील बघेल, नितेश गुप्ता, दुष्यंत दुबे, अमिता बारहिया, धर्मेंद्र वंशकार, आशीष बारहिया, अतुल माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक गण व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने समय सीमा में अधिकारियों से कहा जमीनी हकीकत देखकर आएं, तभी विकास कार्य होंगे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कल 23 जून को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टी एल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सी एम हेल्पलाइन, सी एम कार्यालय, सी एम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

**नल-जल योजना की समीक्षा**- कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में नल-जल योजना की प्रगति की समीक्षा की। पिछली बैठक में सभी एस.डी.एम. को निर्देश दिए गए थे कि वे गांवों में जाकर योजना के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति की स्वयं जांच करें। बैठक में उन्होंने जानकारी ली कि एस.डी.एम. द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुसार स्थल निरीक्षण किया गया या नहीं, और यदि किया गया है तो वहां कार्य की क्या स्थिति पाई गई। उन्होंने कहा कि योजनाओं की जमीनी स्थिति को जानना प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। अपने क्षेत्र में शासन की योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन कराने की जिम्मेदारी सभी एस.डी.एम. की है। उन्होंने पी.एच.ई. के दोनों कार्यपालन यंत्रियों से भी साप्ताहिक लक्ष्य पूर्ति की जानकारी प्राप्त की और सभी लंबित कार्य गति और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिए।

**गांव की समस्याओं से अवगत कराने में कोटवार निभाएं सक्रिय भूमिका**- बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने विशेष रूप से कोटवारों की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में कोटवार को इसलिए नियुक्त किया गया है ताकि वह गांव में उत्पन्न होने वाली समस्याओं, आवश्यकताओं एवं संवेदनशील घटनाओं की जानकारी से अधिकारियों को समय पर अवगत करा सकें। यह उनकी प्रमुख जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी एस.डी.एम. से कहा कि वे कोटवार व्यवस्था को और अधिक सक्रिय बनाएं तथा कोटवारों से अनिवार्य रूप से सतत संवाद रखें। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रशासन तक हर जरूरी सूचना समय पर पहुंचे।



**शत-प्रतिशत समग्र ई-केवाईसी कराने के निर्देश**- बैठक में समग्र ई-के. वाई.सी. कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए श्री सिंह ने बताया कि जनपद पंचायत हर्रई, तामिया, जुन्नारदेव, मोहखेड़, चौरई और नगर निगम क्षेत्र में अपेक्षा के अनुरूप प्रगति नहीं आई है। उन्होंने इन क्षेत्रों में कार्य में तेजी लाने और जिले में शत-प्रतिशत समग्र ई-केवाईसी का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

**स्वस्थ लीवर अभियान की गति बढ़ाने के निर्देश**- कलेक्टर ने प्रदेश में प्रारंभ हुए स्वस्थ लिवर अभियान की जिले में प्रगति की समीक्षा कीए जिसमें कुछ क्षेत्रों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सी.एम.एच.ओ. सहित सभी एस.डी.एम. और बी.एम.ओ. को निर्देश दिए हैं कि वे इस अभियान को प्राथमिकता में रखें और अभियान की गति में सुधार लाएंए जिससे लक्ष्य समय पर पूर्ण हो सके।

**सीएम हेल्पलाइन में प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्ता के साथ निराकरण हो**- सी.एम. हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए श्री सिंह ने कहा कि जिले इस बार भी ए ग्रेड के साथ टॉप 10 जिलों में शामिल रहा है, लेकिन हमें टॉप 5 का किए प्रयास करना है। सतत निगरानी के बावजूद कुछ विभागों की कार्यशैली में सुधार नहीं हो रहा है, जिसके कारण जिले की समग्र रैंकिंग प्रभावित हो रही है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्ता के साथ निराकरण सुनिश्चित कराएं और अभी से इस कार्य में जुट जाएं।

**सड़कों पर गड्ढों की मरम्मत के निर्देश, हर व्यक्ति की जान है अनमोल**- बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सड़कों की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की और ब्लैक स्पॉट्स पर आवश्यक रिपेयरिंग वर्क को लेकर दिए निर्देशों के पालन की समीक्षा की। विशेष कर एन.एच.ए.आई. को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़कों पर जहां-जहां गड्ढे हैं और ब्लैक स्पॉट्स हैं, वहां आवश्यक मरम्मत और रेक्टिफिकेशन का कार्य शीघ्र कराएं। उन्होंने कहा कि एक-एक व्यक्ति की जान कीमती होती है, इसलिए सड़क सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने धरती आभा योजना की भी समीक्षा की और अधिकारियों को सतत् कार्यवाही करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, प्रभारी एडीएम श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, एसडीएम छिंदवाड़ा सुधीर जैन, डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल एवं आर.के.मेहरा, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी ।